PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Dunia, New Delhi
Friday 29th August 2014, Page: 9
Width: 12.36 cms, Height: 7.45 cms, a4, Ref: pmin.2014-08-29.31.88

सन फार्मा और रेनबैक्सी सौदे की जांच का दायरा बढ़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सन फार्मा और रेनबैक्सी के बीच अरबों डॉलर के सौदे की जांच का दायरा बढ़ाते हुए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दोनों दवा कंपनियों से कहा कि वे 10 दिन के भीतर प्रस्तावित विलय के बारे में विशिष्ट ब्योरे सार्वजनिक करें।

यह पहला मौका है जब आयोग ने प्रस्तावित विलय और अधिग्रहण के सौदे की सार्वजनिक जांच शुरू की है, ताकि बाजार में प्रतिस्पर्धा पक्का करने के नजरिए से कंपनियों के लिए उचित व्यापार व्यवहार सुनिश्चित किया जा सके। सन फार्मा और रेनबैक्सी ने इस साल अप्रैल में 4 अरब डॉलर के सौदे की घोषणा की थी। दोनों कंपनियों से बुधवार रात कहा गया है कि वे 10 दिन के भीतर तय स्वरूप में सौदे की जानकारी सार्वजनिक करें।

कंपनियों ने की पुष्टि : रेनबैक्सी लैबोरेटरीज ने गुरुवार को शेयर बाजारों को बताया, 'कंपनी को आयोग से 27 अगस्त 2014 का पत्र मिला है। इसके जरिए निर्देश दिया गया है कि पत्र जारी होने से लेकर 10 दिन (वर्किंग डे) के भीतर तय स्वरूप में

प्रस्तावित सौदे का ब्योरा प्रकाशित करे।' सन फार्मा ने भी शेयर बाजारों को सूचना दी कि उन्हें सौदे से संबंधित जानकारियां देने के लिए कहा गया है।